# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 10.07.2024** **समय : 1905**

- अंडमान सागर में तेल और गैस की संभावनाओं का पता लगाने और इसकी खोज के लिए ऑयल इंडिया से टीम पोर्ट ब्लेयर आई हुई है।
- सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में पर्यटन उत्सव को सफल बनाने के लिए हितधारकों से आगे आने का अनुरोध किया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मुस्लिम महिला को तलाक के बाद पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है।
- वित्त मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के बैंकों से पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और जन समर्थ पोर्टल जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत अधिक ऋण प्रदान करने का आग्रह किया है।
- वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान सागर में तेल और गैस की संभावनाओं का पता लगाने और इसकी खोज के लिए ऑयल इंडिया से टीम पोर्ट ब्लेयर आई हुई है और पोर्ट ब्लेयर में कम्पनी का कार्यालय भी स्थापित किया गया है। ऑयल इंडिया के निदेशक एच आर अशोक दास ने बताया कि कुल तीन स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें एक अंडमान द्वीप के पश्चिमी भाग और दो स्थल पूर्वी भाग में हैं, जहां गैस की खोज की जाएगी।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में पर्यटन उत्सव को सफल बनाने के लिए हितधारकों से आगे आने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के पर्यटन उत्सव आयोजित करने के लिए उनका विभाग हितधारकों को पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि कार्वाइंस कोव में आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटन गंतव्य के रूप में लोकप्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में संगीत संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है और इसमें भी हितधारकों का अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव में पर्यटन उद्योग का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि इस मानसून पर्यटन उत्सव में मुख्यभूमि के दो बैंड के साथ कलाकार पार्थो को भी आमंत्रित किया गया है।

मानसून पर्यटन उत्सव में तेरह और चौदह जुलाई को पुरूष और महिलाओं के लिए टग ऑफ वार और बीच वॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से कल और बारह जुलाई को अपने नाम सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग में शिव प्रसाद और एम्बलूस लकड़ा के पास दर्ज कराने को कहा गया हैं। चौदह जुलाई को कयाकिंग और जेट स्की जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। पंजीकरण के लिए अंडमान सी एडवेंचर एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्योति राजन से संपर्क किया जा सकता है। विजेता और उप–विजेता टीम को नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–एक सौ पच्चीस के अन्तर्गत एक मुस्लिम महिला को अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। न्यायाधीश बी0 वी0 नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने धारा–एक सौ पच्चीस सी आर पी सी के अन्तर्गत अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने संबंधी निर्देश के विरूद्ध याचिका दायर की थी। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि आवेदन लम्बित रहने के दौरान अगर महिला को तलाक दिया जाता है तो वह विवाह अधिकार संरक्षण संबंधी दो हजार उन्नीस के अधिनियम का सहारा ले सकती हैं। पीठ ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम उन्नीस सौ छियासी धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दो हजार उन्नीस के अधिनियम के तहत उपाय सीआरपीसी की धारा एक सौ पच्चीस के तहत उपाय के अतिरिक्त है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के बैंकों से पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और जन समर्थ पोर्टल जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत अधिक ऋण प्रदान करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य कुशल

कारीगरों और रेहड़ी पटरी वालों को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार उपलब्ध कराना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने निर्धन कामगारों के लिए रोजगारोन्मुखी योजनाओं की प्रगति पर कल निजी क्षेत्र के बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री जोशी ने जन समर्थ पोर्टल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरकार की ऋण योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। यह प्लेटफ़ॉर्म उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के साथ ही बैंकों को अधिक ग्राहक आकर्षित करने में सहायक है।

<><><><><><><>

ज़िला सुधार गृह मायाबंदर और उद्योग विभाग बकुलतला की ओर से कैदियों के लिए नारियल खोल हस्तशिल्प पर एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कल आयोजित समापन समारोह में सहायक आयुक्त मुख्यालय आशीष जून के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सहायक आयुक्त ने जेल परिसर में कई अन्य क्षेत्र में प्रशिक्षण शुरू करने की इच्छा जताई, ताकि कैदी अपने आप को व्यस्त रख सके और उन्हें हुनर सिखाया जा सके। सहायक आयुक्त मुख्यालय की ओर से राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर में कैदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच के अलावा खेलकूद गतिविधियां आयोजित करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

<><><><><><><>

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली और अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम विनोद ने बुनियादाबाद निवासी और जहाजरानी विभाग के सी–मैन प्रभात नारायण के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज चेन्नई में निधन हो गया। शव यात्रा कल इनके निवास स्थान बुनियादाबाद से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाया जाएगा। कल गुप्तापाड़ा के सामुदायिक हॉल और बारह जुलाई को कालीकट सामुदायिक हॉल में शिविर लगेगा। तेरह जुलाई को सीतानगर दो सामुदायिक हॉल में शिविर लगेगा। सोलह जुलाई को मक्का पहाड़ और तेईस जुलाई को टेलराबाद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदर्शनी लगेगी और मोटे अनाज के लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कल अपना स्थापना दिवस मनाया। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने वृक्षारोपण किया और देश के विकास में युवाओं तथा विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख डॉ. कांडीमुत्थु ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

<><><><><><><>